हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, रविवार, 19 मई 2024

तापमान
अधिकतम 45.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

15 छात्र अलंकरण समारोह में मान छाबड़ा हैड ब्वॉय व प्राची चांदना बनी हैड गर्ल



16 सुबह से शुरू हुए लू के प्रकोप का शाम तक असर भीषण गर्मी से पसीना-पसीना हुए लोग



### एक दिन की सरसों खरीद पर रहा गर्मी का असर, सुबह से शाम तक काफी कम संख्या में किसान पहुंचे

# एमएसपी पर नहीं बेच पाए थे फसल, अब हैफेड ने एक ही दिन में 200 किसानों से 3 हजार क्विंटल सरसों खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सरकार की ओर से शनिवार को एमएसपी पर सरसों बेचने से वंचित रहे जिले के किसानों के लिए एक दिन की सरसों की खरीद शुरू की गई। जिले की रेवाड़ी,बावल व कोसली अनाजमंडी में हैफेड की ओर से सरसों की सरकारी खरीद की गई। सरसों की खरीद उन किसानों की की गई, जिन्होंने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया हुआ है और वह निर्धारित शेड्यूल पर बिक्री करने से वंचित रह गए थे। किसान यूनियनों ने भी वंचित रहे किसानों की सरसों खरीद कराने की मांग उठाई थी। सरसों की खरीद 5650 रुपए प्रति क्विंटल की हिसाब से की गई। रेवाड़ी अनाजमंडी में शाम तक करीब 200 किसानों के गेटपास काटकर 3 हजार क्विंटल के करीब सरसों खरीद की गई, जबकि बावल अनाजमंडी में 15 के करीब किसान ही पहुंचे। कोसली अनाजमंडी में भी सरसों की सुचारू ढंग से खरीद की गई। कोसली व बावल में वेयरहाउस की ओर से सरसों की खरीद की गई।

### पिछले दिनों 10 लाख क्विंटल सरसों बिकी

सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद 26 मार्च को शुरू हुई थी। पहले हैफेड की ओर से नैफेड के लिए 9 अप्रैल तक सरसों खरीद की गई। हैफेड ने 9 अप्रैल तक रेवाड़ी की बिठवाना मंडी में 81 हजार 40 क्विंटल, कोसली मंडी में 1 लाख 23 हजार 360 क्विंटल और बावल की मंडी में 61 हजार 200 क्विंटल सरसों की खरीद की थी। तीनों मंडियों में कुल 2 लाख 65 हजार 61 क्विंटल सरसों खरीदी गई। इसके बाद हरियाणा वेयर हाउस कॉरपोरेशन की ओर से तीनों मंडियों में करीब 6 लाख क्विंटल सरसों खरीद गई। इसके अलावा रेवाड़ी अनाजमंडी में 93109 क्विंटल सरसों की प्राइवेट खरीद भी की गई तथा 90724 क्विंटल गेंहू की सरकारी खरीद व 4300 क्विंटल गेहूं की प्राइवेट खरीद हुई।

### उठान की हो रही थी भारी समस्या

तीनों अनाजमंडियों में खरीदी गई सरसों के उठान की भारी समस्या रही थी। एक मई को सरसों की खरीद बंद होने के बाद धीरे-धीरे उठान किया गया, उठान नहीं होने के कारण अनाज मंडी का फड़ व किसान भवन सरसों की बोरियों से पूरी तरह अटा हुआ था। वेयर हाउस की ओर से सरसों का उठान नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में किसानों के खातों में आने वाली राशि भी अटक गई थी, लेकिन अब पूरी सरसों का उठान हो चुका है तथा किसानों का भुगतान भी किया जा चुका है। अनाजमंडियां पूरी तरह खाली नजर आ रही है।

### सरसों खरीद में गर्मी का दिखा असर

शनिवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रहा, जिससे दिनभर भीषण गर्मी व गर्महवाओं ने परेशान किया। सरकार की ओर से एक दिन के लिए जिले की तीनों अनाजमंडियों में एमएसपी पर की गई सरसों खरीद पर भी गर्मी का असर देखने को मिला। जहां एक मई से रूटीन में चल रही सरसों खरीद के लिए अनाजमंडी के बाहर ट्रैक्टर-ट्रालियों की कतार लगी रही थी, वहीं शनिवार को अनाजमंडियों काफी कम किसान सरसों बेचने के लिए पहुंचे। बावल अनाजमंडी में से 15 के करीब ही किसान सरसों बेचने आए।

# सोलह श्रमिकों की मौत के दो सौदागर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

धारूहेड़ा की एक कंपनी में डस्ट कलेक्टर फटने से हुई 16 श्रमिकों की मौत के मामले में पुलिस ने प्रबंधन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पहले चरण में पुलिस ने एक मेंटिनेंस और एक सहायक मैनेजर को गिफ्तार किया है। अभी ठेकेदार व मालिक की गिरफ्तारी होना शेष है। इस हादसे में कुल 39 श्रमिक घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। गत 16 मार्च की शाम को पार्ट निर्माता कंपनी में डस्ट बायलर फटने से लगभग 60 श्रमिक झुलस गए थे। झुलसे हुए श्रमिकों को गुरूग्राम से लेकर दिल्ली तक के अस्पतालों में दाखिल कराया गया था। बाद में एक के बाद एक 16 श्रमिकों की मौत हो गई थी। सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों से कड़े कदम उठाने को कहा था। एसपी के आदेश पर मामले की गंभीरता से जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने कंपनी में काम करने वाले यूपी के जिला गोंडा के गांव सेझिया रेतादलसिंह हाल आबाद ओम नगर धारूहेड़ा निवासी राजकुमार ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह कम्पनी में लेबर का काम करता है। 16 मार्च को लगभग 60-70 आदमी कम्पनी में काम कर रहे थे। शाम के समय कम्पनी में बॉयलर डस्ट कलेक्टर फट गया था, जिससे कम्पनी में काम करने वाले काफी लोग बुरी तरह से घायल हो गए थे।

**अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द**



रेवाड़ी। 16 मार्च को हुए हादसे में झुलसे कर्मचारी। फाईल फोटो।

### दो बार पहले भी फट चुका था डस्ट कलस्टर

राजकुमार ने बताया था कि कम्पनी के बॉयलर का डस्ट कलक्टर पहले भी दो बार फट चुका था, लेकिन उस समय कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ था। उन्होंने कम्पनी के ठेकेदार, अधिकारियों व मालिकों को भी इसे ठीक कराने बारे अवगत कराया था। प्रबंधन ने इस की देखरेख पर ध्यान नहीं देकर लापरवाही की है। अगर कम्पनी के अधिकारी, ठेकेदार व मालिक समय पर सफाई व देखरेख करते तो ऐसा हादसा नहीं होता। जो यह हादसा उनकी लापरवाही की वजह से हुआ है। पुलिस ने थाना धारूहेड़ा में मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में प्लांट के मेंटीनेंस मैनेजर प्रमोद कुमार व सहायक मैनेजर कुलबीर सिंह वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर सकती है।

### बुजुर्ग सास के साथ जमकर मारपीट पुत्रवधू के खिलाफ केस दर्ज

रेवाड़ी। कालूवास में एक बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रामपुरा थाना पुलिस ने उसकी पुत्रवधू के खिलाफ केस दर्ज किया है। अस्पताल में उपचाराधीन विधवा महिला लक्ष्मी देवी ने बताया कि वह अपने तीन बच्चों में से छोटे बेटे प्रवीन के साथ रहती है। प्रवीन गुजरात में नौकरी करता है। घर में वह और उसकी पुत्रवधु मनीषा ही रहते हैं। उसने आरोप लगाया कि घर में बर्तन धोने की बात पर मनीषा ने उसके साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। इसके बाद मनीषा ने उसके सिर पर चोट मारी। उसे दांतों से काटकर जख्मी कर दिया। वह किसी तरह घर के दरवाजे पर पहुंची। उसके पड़ोस के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाते हुए उसके बेटे को सूचना दी।

### नौकरी लगवाने के नाम पर 12 लाख रुपये ठगे

जाटूसाना। बच्चों की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगों ने तीन लोगों को ठगी का शिकार बना लिया। शातिर ठगों ने तीनों से 12 लाख रुपये की ठगी कर ली। जाटूसाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गाजी गोपालपुर निवासी लक्ष्मीनारायण, अशोक कुमार गांव धनिया साल्हावास जिला झज्जर व नवनीत गांव गाजी गोपालपुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपियों ने तीन बच्चों की नौकरी लगवाने के नाम पर रुपयों की डिमांड की थी, जिस पर तीनों ने 6 लाख, 3 लाख व 3 लाख सहित 12 लाख रुपये उनकों दे दिए, लेकिन इसके बाद भी तीनों बच्चों की नौकरी नहीं लगी।

SANSKARAM UNIVERSITY
INVITES APPLICATIONS FOR
JOIN OUR ESTEEMED SANSKARAM TEAM
Assistant Registrar - 10 AR Academics - 2
AR Estates (Purchase officer, Storekeeper, Supervisor) - 5
IT Manager - 1 Network & Hardware Engineer - 2
Admission Counsellor - 4 AR Finance - 2 PS - 3
Tele Counsellors - 15 Librarian - 2 Receptionist (F) 2
Salary AR (25K-45K) | PS (20K-35K) | Librarian (15K-35K)
Admisson Couns. (15K-30K) | Clerk & Supervisor (15K to 25K)
Receptionist (Female) - 20K-60K
Short-listed Candidates will be Called/Mailled for Interview on 28th May 2024. Email Your CV on Job@sanskaramuniversity.ac.in.
• Qualification for appointment of AR will be as per UGC norms.
• The Knowledge of Computer is Mandatory.
• *For Exceptionally good Candidates salary and designation may be negotiated at the time of personal interview.*
Closing Date of Applications : 25th May 2024
Transport facility Available from Delhi, Gurugram Metro, Bahadurgarh Metro, Rohtak, Bhiwadi, Dharuhera, Rewari & Jhajjar
Scan QR Code For Location
Call : +91-8397970811, +91-8397970812 | www.sanskaramuniversity.ac.in

S.K.G. SR. SEC. SCHOOL Bhakli (Rewari) KNOWLEDGE IS POWER
Reg. No. 123
!! जय बाबा गोपाल दास की !!
Estd. 1999
S.K.G. SR. SEC. SCHOOL BHAKLI (REWARI)
M.: 9813820757, 9991281798, 9991223394
ADMISSION OPEN for Session : 2024-25 for class Nursery to 12th
Congratulate Best Result in District.......
12TH CLASS RESULT 2023-24
487 500/ PAYAL D/O SANJEET BHURAWAS
484 500/ NIPUN S/O SATISH KUMAR NILAHERI
482 500/ MAHAK D/O SANJAY KUMAR GUJARWAS
479 500/ NIKHKIL YADAV S/O VINOD KUMAR NILAHERI
478 500/ ARTI D/O SUSHIL KUMAR SUDHRANA
478 500/ DIKSHITA D/O VIRENDER DARAULI
477 500/ TANNU YADAV D/O AMARJIT SUREHLI
476 500/ TANNU D/O SURENDER LADAIN
475 500/ GRIMA RANI D/O MANOJ KUMAR SADAT NAGAR
473 500/ TANNU DEVI D/O PARMOD DARAULI
471 500/ MADHU D/O SATENDER BHURAWAS
471 500/ PAYAL D/O RAMNIWAS KOSLI
469 500/ SAKSHI YADAV D/O SATISH DARAULI
COACHING FACILITIES AVAILABLE
JEE | NEET NDA | KVPY VVM SAINIK, NAVODAYA SCHOOL
10TH CLASS RESULT 2023-24
488 500/ RONAK D/O RAJBIR MUNDAHERA
485 500/ NAVYA D/O YESHWANT SADAT NAGAR
484 500/ KIRTI D/O DILAWAR SINGH JHAL
481 500/ JANVI D/O SANJEET BHAKLI 2
481 500/ NEESHU KRI D/O MANPAL BHURAWAS
479 500/ SAKSHI D/O BIJENDER BITHLA
479 500/ SONAL D/O SUNIL SALHAWAS
477 500/ SHASHI D/O RAMNIWAS BHAKLI
477 500/ TANIYA D/O PHOOL SINGH BABROLI
476 500/ RIYA D/O VIPIN KUMAR BHAKLI 2
476 500/ RAJKUMAR S/O VIKAS BHAKLI
475 500/ MANISHA D/O OMPARKASH DAKHORA
474 500/ NANCY D/O NARENDER BITHLA
474 500/ DAKSH S/O PARDEEP LOOKHI
473 500/ YOGITA YADAV D/O MUKESH KOHARAR
473 500/ SHIVAM D/O SANJEET BHURAWAS

# स्मॉलकैप स्कीम्स का कमाल

# 10 साल में 940% तक रिटर्न

*बाजार में इस समय लगातार निवेशक बढ़ रहे हैं। कई स्कीम्स अच्छा रिटर्न दे रही हैं और निवेशको को मालामाल कर रही हैं। पिछले दिनों स्मॉलकैप म्युचुअल फंड्स ने आउटपरफॉर्म किया। इसलिए निवेशकों ने भी म्यूचुअल फंड की स्मॉलकैप कैटेगरी को खूब पसंद किया जा रहा है। इससे स्मॉलकैप फंड का न सिर्फ 1 या 2 साल का रिटर्न, बल्कि लंबी अवधि का रिटर्न और मजबूत हुआ है। ऐसे में इन स्कीम्स में निवेश आपको भी मालामाल कर सकता है। बस योजना बनाएं, लक्ष्य तय करें और निवेश के लिए आगे आएं।*

**निवेश मंत्रा**

**बिजनेस डेस्क**

इन दिनों बाजार में निवेश के लिए सैंकड़ों स्कीम्स मौजूद हैं। इनमें निवेश की दिलचस्पी ले रहे हैं। पिछले कुछ सालों में देखा जाए तो हर साल लाखों की संख्या में नए निवेशक जुड़ रहे हैं। म्युचुअल फंडों का मार्केट कैप लगातार बढ़ता जा रहा है। कई स्कीम्स अच्छा रिटर्न दे रही हैं और निवेशकों को मालामाल कर रही हैं। स्मॉलकैप म्युचुअल फंड्स ने आउटपरफॉर्म किया। इसलिए निवेशकों ने भी म्यूचुअल फंड की स्मॉलकैप कैटेगरी को खूब पसंद किया जा रहा है। इससे स्मॉलकैप फंड का न सिर्फ 1 या 2 साल का रिटर्न, बल्कि लंबी अवधि का रिटर्न और मजबूत हुआ है। पिछले कुछ महीनों का एवरेज देखें तो स्मॉलकैप फंडों में अच्छा खासा निवेश आया है। इसकी एक वजह है कि पिछले दिनों स्मॉलकैप स्टॉक्स ने आउटपरफॉर्म किया। इसलिए बेहतर रिटर्न पाने के लिए निवेशकों ने म्यूचुअल फंड की स्मॉलकैप कैटेगरी को खूब पसंद किया जा रहा है। ऐसे में इन स्कीम्स में निवेश आपको भी मालामाल कर सकता है।



### लंबी अवधि में ज्यादा मुनाफा

स्मॉलकैप फंड का न सिर्फ 1 या 2 साल का रिटर्न, बल्कि लंबी अवधि का रिटर्न और मजबूत हुआ है। इस रिपोर्ट में हमने कुछ स्मॉलकैप म्यूचुअल फंड की जानकारी जुटाई है, जिन्होंने बीते 10 साल में सबसे अच्छा परफॉर्म किया है। इन स्कीम में निवेशकों का पैसा 10 साल में 10 गुना तक बढ़ गया है। यानी एक लाख रुपये का निवेश 10 लाख रुपये तक हो गया। निवेशक मालामाल हुए हैं। जानकारों का कहना है कि स्मॉलकैप म्यूचुअल फंड में लंबी अवधि के लिए निवेश करना पैसे बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका है।

### क्या हैं स्मॉल कैप फंड

स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड प्रमुख रूप से 5,000 करोड़ से कम मार्केट कैपिटलाइजेशन वाली कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं। यह इक्विटी म्यूचुअल फंड की एक सब-कैटेगरी है और इनका प्रदर्शन बाजार के उतार-चढ़ाव से प्रभावित होता है। स्मॉल कैप कंपनियों में बाजार में गिरावट के दौरान अधिक अस्थिरता यानी वोलैटिलिटी दिखती है। हालांकि बेस्ट स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड में लंबी अवधि में हाई रिटर्न देने की क्षमता होती है। स्मॉल-कैप फंड में, फंड मैनेजर पोर्टफोलियो का कम से कम 65% स्मॉल-कैप शेयरों में निवेश करता है।

## 10 वर्ष में टॉप रिटर्न वाले फंड

### निप्पॉन इंडिया स्मॉलकैप फंड

- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न: 26.36% सालाना
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर एबसॉल्यूट रिटर्न: 940%
- 1 लाख निवेश की 10 साल में वैल्यू: 10,40,092 रुपये
- 10 साल में एसआईपी निवेश पर रिटर्न: 25.02% सालाना
- कुल एसेट्स: 45749 करोड़ रुपये
- एक्सपेंस रेश्यो: 1.52%

### एसबीआई स्मॉलकैप फंड

- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न: 25.38% सालाना
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर एबसॉल्यूट रिटर्न: 863%
- 1 लाख निवेश की 10 साल में वैल्यू: 9,62,777 रुपये
- 10 साल में एसआईपी निवेश पर रिटर्न: 21.77% सालाना
- कुल एसेट्स: 27759.65 करोड़ रुपये
- एक्सपेंस रेश्यो: 1.62%

### एक्सिस स्मॉलकैप फंड

- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न: 23.83% सालाना
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर एबसॉल्यूट रिटर्न: 750%
- 1 लाख निवेश की 10 साल में वैल्यू: 8,50,042 रुपये
- 10 साल में एसआईपी निवेश पर रिटर्न: 22.52% सालाना
- कुल एसेट्स: 20136.63 करोड़ रुपये
- एक्सपेंस रेश्यो: 0.52%

### डीएसपी स्मॉलकैप फंड

- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न: 22.32% सालाना
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर एबसॉल्यूट रिटर्न: 651%
- 1 लाख निवेश की 10 साल में वैल्यू: 7,51,330 रुपये
- 10 साल में एसआईपी निवेश पर रिटर्न: 19.64% सालाना
- कुल एसेट्स: 13038.55 करोड़ रुपये
- एक्सपेंस रेश्यो: 1.77%

### कोटक स्मॉलकैप फंड

- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर रिटर्न: 21.71% सालाना
- 10 साल में एकमुश्त निवेश पर एबसॉल्यूट रिटर्न: 615%
- 1 लाख निवेश की 10 साल में वैल्यू: 7,14,698 रुपये
- 10 साल में एसआईपी निवेश पर रिटर्न: 20.77% सालाना
- कुल एसेट्स: 14815.19 करोड़ रुपये
- एक्सपेंस रेश्यो: 1.65%

**• एक लाख रुपये का निवेश बन गया 10 लाख तक**


**• कई स्मॉलकैप स्कीम निवेशकों दे रही बढ़िया मुनाफा**

**• स्मॉल-कैप फंड लंबी अवधि में हाई रिटर्न की गारंटी**

### स्मॉल कैप फंड्स की खासियत

सेबी के नियमों के अनुसार, स्मॉल-कैप फंडों को अपने इन्वेस्टमेंट कॉर्पस का कम से कम 65 फीसदी स्मॉल-कैप शेयरों में आवंटित करना होता है। स्मॉलकैप में मिड टर्म की अवधि में मिडकैप और लार्जकैप की तुलना में रिस्क लेवल ज्यादा होता है, लेकिन वे हायर रिटर्न दे सकते हैं और लंबी अवधि में दूसरी कैटेगरी से बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। स्मॉल-कैप कंपनियों के पास ज्यादा एक्सपेंशन की संभावना है, जिससे ग्रोथ की संभावनाएं भी ज्यादा होती हैं।





# मैन्युफैक्चरिंग फंडों में भी निवेश पर विचार कर सकते हैं निवेशक

**बिजनेस डेस्क**

अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए सरकार द्वारा विनिर्माण पर जोर दिए जाने के कारण मैन्युफैक्चरिंग का क्षेत्र पिछले कुछ समय से सुर्खियों में रहा है। संभावित जबरदस्त वृद्धि का फायदा उठाने की चाहत रखने वाले निवेशक विनिर्माण फंडों में निवेश करने पर विचार कर सकते हैं। ऐसे कई फंड बाजार में पहले से मौजूद हैं, लेकिन टाटा म्युचुअल फंड ने हाल में टाटा निफ्टी 500 मल्टीकैप इंडिया मैन्युफैक्चरिंग 50:30:20 इंडेक्स फंड के नए फंड ऑफर (एनएफओ) को जारी किया है। जानकारों का कहना है कि 'सरकार का घरेलू विनिर्माण पर काफी जोर रहा है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए नीति निर्माताओं द्वारा ठोस प्रयास किया जा रहा है।'ऐसे में निवेशक मैन्युफैक्चरिंग फंडों में भी निवेश पर विचार कर सकते हैं। इस समय इन फंडों में निवेश एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

विनिर्माण पर जोर

विनिर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेक इन इंडिया और पीएम गतिशक्ति ने नीतिगत ढांचे की नींव रखी है। विनिर्माण क्षमता सृजित करने के उद्देश्य से शुरू की गई अन्य प्रमुख नीतिगत पहलों में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, निर्यात प्रोत्साहन और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के उदार कायदे कानून शामिल हैं। आत्मनिर्भर भारत के तहत आयात के बजाए घरेलू उत्पादन पर जोर दिया गया है। चीन+1 मॉडल के जोर पकड़ने के साथ ही कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अब भारत को अपना पसंदीदा गंतव्य मानती हैं। इन पहलों के कारण विनिर्माण क्षेत्र में काफी निवेश आने की उम्मीद है। 'हाल में भारत का पीएमआई (विनिर्माण गतिविधियों का सूचकांक) 57.2 के उच्च स्तर पर पहुंच गया। कई क्षेत्रों में क्षमता उपयोगिता कोविड-पूर्व स्तर से आगे निकल चुकी है। ऐसे में क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। अधिकतर कंपनियां भविष्य की मांग वृद्धि के लिहाज से क्षमता विस्तार पर निजी निवेश कर रही हैं।' विनिर्माण के दायरे में कई क्षेत्र शामिल हैं। इसमें से कुछ घरेलू खपत पर केंद्रित हैं जबकि अन्य निर्यात केंद्रित हैं। इसमें पुरानी अर्थव्यवस्था और हाईटेक कारोबार दोनों शामिल हैं। विनिर्माण केंद्रित फंड वित्तीय सेवा कंपनियों के शेयरों में निवेश नहीं करते हैं।

**इस समय ऐसे कई फंड बाजार में पहले से मौजूद, टाटा निफ्टी पांच सौ मल्टीकैप इंडिया मैन्युफैक्चरिंग का एनएफओ**

**• सरकार का घरेलू विनिर्माण पर काफी जोर रहा, बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत को पसंदीदा गंतव्य मान रही**

**• पोर्टफोलियो में विविधीकरण के लिहाज से यह प्रभावी विकल्प**

### फंड कंपनियों का आकर्षण

कई प्रमुख फंड कंपनियां विनिर्माण केंद्रित फंड की ओर आकर्षित हुई हैं। इनके फंड अपने कोष का करीब 80 फीसदी हिस्से का निवेश विनिर्माण कंपनियों के शेयरों में करते हैं। निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) इस श्रेणी के फंड के लिए बेंचमार्क है। इस सूचकांक के शीर्ष तीन क्षेत्रों में वाहन एवं वाहन कलपुर्जा, पूंजीगत वस्तु और स्वास्थ्य सेवा शामिल हैं। इन क्षेत्रों में आवंटन क्रमशः 31.1 फीसदी, 20.3 फीसदी और 15.1 फीसदी है। इस सूचकांक ने अगस्त 2021 में अपनी स्थापना से मार्च 2024 के बीच 15.6 फीसदी का चक्रवृद्धि वार्षिक रिटर्न दिया है।

### क्या है जोखिम

अन्य सभी थीमेटिक पेशकश की तरह इन फंडों में भी जोखिम रहता है। जानकारों का कहना है कि 'निवेशकों को उन क्षेत्रों से संबंधित उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है, जिनमें फंड ने निवेश किया है।' विनिर्माण क्षेत्र की कंपनियां चक्रीय स्थिति का सामना करना पड़ता हैं। 'इसके प्रदर्शन में ब्याज दरें, मुद्रास्फीति और मुद्रा की चाल जैसे वृहद आर्थिक कारकों की प्रमुख भूमिका होती है।' विनिर्माण केंद्रित कई फंडों का ट्रैक रिकॉर्ड सीमित रहा है।

### किसे निवेश करना चाहिए?

निवेशकों को मल्टीकैप फंड और फ्लेक्सीकैप फंड जैसे विविध इक्विटी फंडों का उपयोग करते हुए अपना पोर्टफोलियो तैयार करना चाहिए। बुनियादी पोर्टफोलियो तैयार करने के बाद ही उन्हें विनिर्माण केंद्रित फंड में निवेश करना चाहिए। 'यह फंड पहली बार निवेश करने वाले निवेशकों के लिए नहीं है। अधिक जोखिम उठाने की क्षमता रखने वाला अनुभवी निवेशक लंबी अवधि के लिहाज से इन फंडों में निवेश पर विचार कर सकता है।''जिन निवेशकों को खास क्षेत्रों के बारे में पर्याप्त जानकारी है और जो अपने पोर्टफोलियो में कुछ खास आक्रामकता को समायोजित कर सकते हैं, वे इन फंडों में निवेश कर सकते हैं। अगर निवेशक संतृप्ति स्तर पर पोर्टफोलियो से बाहर निकलने की विशेषज्ञता रखता है तो यह उनके लिए उपयुक्त हो सकता है।'

# निवेश में देरी, आपको भी कर सकती है लक्ष्य से दूर

**निवेश में हर एक साल की देरी घटाती है कंपाउंडिंग की ताकत**

**रिटर्न में भी आएगा लाखों का अंतर, समय पर शुरू करें निवेश**

**सुरक्षित निवेश चाहते हैं तो म्युचुअल फंड एसआईपी सबसे बेहतर**

**कम उम्र में निवेश से फाइनेंशियल टारगेट जल्द हो जाते हैं पूरे**

**सुझाव**

**बिजनेस डेस्क**

अक्सर देखने में आता है कि निवेश की योजना बनाने में जितनी देरी या लापरवाही होगी, आप अपने फाइनेंशियल टारगेट को पूरा करने में उतना ही पीछे होते चले जाएंगे। कम उम्र में निवेश शुरू करने का मतलब है कि फाइनेंशियल टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा समय। आज के दौर में बच्चे जल्द से जल्द आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। खास तौर से मेट्रो शहरों में युवा कम उम्र से ही अर्निंग मेंबर बन जाते हैं। एक तरह से कह लें तो उनमें जागरुकता भी बढ़ रही है, लेकिन क्या यही जागरुकता निवेश और बचत के मामले में भी है। क्या ये युवा नौकरी शुरू करते ही अपने रिटायरमेंट या नॉन वर्किंग ईयर्स के बारे में सोचते हैं। आमतौर पर बहुत से मामलों में इसका जवाब नहीं होगा। क्योंकि अर्निंग शुरू होने के कुछ साल वे अपनी तुरंत की जरूरतों और शौक पूरा करने पर ज्यादा खर्च करते हैं। इसलिए रिटायरमेंट के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग उनकी प्राथमिकता में पीछे रह जाता है। लेकिन ये गलती कर वे कंपाउंडिंग की ताकत का फायदा लेने में उन लोगों से पीछे रह जाते हैं, जिन्होंने समय पर निवेश शुरू कर दिया है।

### लक्ष्य पूरा करने में न रह जाएं पीछे

फाइनेंशियल एडवाइजर भी यही सलाह देते रहते हैं कि जितना जल्दी हो सके, भविष्य के बारे में सोचकर फाइनेंशियल प्लानिंग शुरू करें और लगातार निवेश बनाए रखते हुए अपनी प्लानिंग में अनुशासित बने रहें।

निवेश की योजना बनाने में जितनी देरी या लापरवाही होगी, आप अपने फाइनेंशियल टारगेट को पूरा करने में उतना ही पीछे होते जाएंगे। कम उम्र में निवेश शुरू करने का मतलब है कि फाइनेंशियल टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा समय। वहीं लंबी अवधि में निवेश से आपको कंपाउंडिंग का पूरा फायदा भी मिलता है। निवेश का सुरक्षित विकल्प चुनना चाहते हैं तो आपके लिए म्युचुअल फंड एसआईपी बेहतर है। वहीं स्माल सेविंग्स स्कीम उनके लिए बेहतर है जो बाजार का रिस्क जरा भी नहीं लेना चाहते हैं।

### उदाहरण से समझें

इसे हम एक उदाहरण से समझ सकते हैं। मान लिया 3 दोस्तों ए, बी और सी ने एक साथ नौकरी शुरू की। ए ने 25 साल की उम्र से फाइनेंशियल प्लानिंग शुरू किया, जबकि बी ने 30 की उम्र और सी ने 35 की उम्र से निवेश करना शुरू किया। तीनों ने एक ही म्यूचुअल फंड स्कीम में एक समान एसआईपी शुरू की। एक ही स्कीम होने से तीनों ने अनुमानित रिटर्न 12 फीसदी सालाना माना। रिटायरमेंट की उम्र 55 साल तय की। ऐसे में ए, बी और सी के पास निवेश के लिए 30 साल, 25 साल और 20 साल मिल गया।

### पहला

- निवेशक ए : 30 साल का लक्ष्य
- मंथली एसआईपी : 5000 रुपये
- अवधि: 30 साल
- अनुमानित रिटर्न: 12% सालाना
- कुल निवेश: 18 लाख रुपये
- 30 साल बाद फंड: 1,76,49,569 रुपये (1.8 करोड़)
- फायदा: 1,58,49,569 रुपये (1.6 करोड़)

### दूसरा

- निवेशक बी : 25 साल का लक्ष्य
- मंथली एसआईपी: 5000 रुपये
- अवधि: 25 साल
- अनुमानित रिटर्न: 12% सालाना
- कुल निवेश: 15 लाख रुपये
- 30 साल बाद फंड: 94,88,175 रुपये (95 लाख रुपये)
- फायदा: 79,88,175 रुपये (करीब 80 लाख रुपये)

### तीसरा

- निवेशक सी: 20 साल का लक्ष्य
- मंथली एसआईपी: 5000 रुपये
- अवधि: 20 साल
- अनुमानित रिटर्न: 12% सालाना
- कुल निवेश: 12 लाख रुपये
- 30 साल बाद फंड: 49,95,740 रुपये (करीब 50 लाख रुपये)
- फायदा: 37,95,740 रुपये (करीब 38 लाख रुपये)

### क्या मिला रिजल्ट

- पहले केस में निवेश के लिए 30 साल का समय मिल गया और कुल 18 लाख निवेश के बदले कुल फंड 1.8 करोड़ हो गया। यानी करीब 1.6 करोड़ का फायदा हुआ।



- दूसरे केस में निवेश के लिए 25 साल का समय मिला और कुल 15 लाख निवेश के बदले कुल फंड 95 लाख रुपये हुआ और करीब 80 लाख रुपये का फायदा हुआ।
- तीसरे केस में निवेश के लिए 20 साल का समय मिला और कुल 12 लाख निवेश के बदले कुल फंड करीब 50 लाख रुपये हुआ और करीब 38 लाख रुपये का ही फायदा हुआ।

### कितना दिख रहा अंतर

आप खुद तय कर सकते हैं कि 18 लाख निवेश कर 1.80 करोड़ पाना चाहेंगे, कि 15 लाख के बदले 95 लाख या 12 लाख के बदले सिर्फ 50 लाख। यहां निवेशक सी ने अगर 10 साल पहले निवेश शुरू किया होता तो उसे सिर्फ 6 लाख और निवेश बढ़ाने पर 50 लाख के बदले 1.80 करोड़ मिल गए होते जो 1.30 करोड़ ज्यादा है। यही कंपाउंडिंग की ताकत है। इसी तरह से यहां निवेशक सी ने अगर 5 साल पहले निवेश शुरू किया होता तो उसे सिर्फ 3 लाख और निवेश बढ़ाने पर 95 लाख के बदले 1.80 करोड़ मिल गए होते जो 85 लाख रुपये ज्यादा हैं।

# हर रोज जमा करें 6 रुपये मिलेगा अच्छा फायदा

**बिजनेस डेस्क**

बच्चे के जन्म के बाद कई माता-पिता अपने बच्चे के भविष्य की योजना बनाना शुरू कर देते हैं, निवेश के विभिन्न रास्ते तलाशते हैं। इनमें लड़कियों के लिए पोनमा बचत योजना और लड़कों के लिए पोनमगन बचत योजना जैसी लिंग-विशिष्ट योजनाएं लोकप्रिय रही हैं। इसी तरह डाकघरों ने बाल जीवन भीम योजना शुरू की गई है, जो विशेष रूप से बच्चों के लिए डिजाइन की गई जीवन बीमा योजना है। यह पहल डाक और मनीऑर्डर के पारंपरिक केंद्र से निवेश और वित्तीय विकास को सुविधाजनक बनाने में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने के लिए डाकघरों की विकसित भूमिका को रेखांकित करती है। बाल जीवन भीम योजना 8 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए है, जो 18 वर्ष की आयु तक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है। इस योजना की एक उल्लेखनीय विशेषता इसकी वहनीयता है, जिसके लिए 6 रुपये से शुरू होने वाले न्यूनतम दैनिक निवेश की आवश्यकता होती है। 18 वर्ष की आयु से पहले बीमित बच्चे की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की स्थिति में योजना 1 लाख रुपये तक के बीमा कवरेज का वादा करती है।

**बाल जीवन भीम योजना बना देगी लाखों की रकम**

### आवेदन प्रक्रिया और लाभ

बच्चे के लिए बीमा करवाने के इच्छुक माता-पिता सीधे किसी भी नजदीकी डाकघर में आवेदन कर सकते हैं। बाल जीवन भीम योजना व्यापक ग्रामीण डाक जीवन बीमा पहल का हिस्सा है, जिसमें डाक जीवन बीमा योजना भी शामिल है। आरपीएलआई के तहत 1,000 रुपये के वार्षिक निवेश पर 48 रुपये बोनस मिल सकता है, जबकि डाक जीवन बीमा योजना में समान निवेश राशि पर 52 रुपये का थोड़ा अधिक बोनस मिलता है। ये बोनस पॉलिसी की परिपक्वता पर एकमुश्त भुगतान किए जाते हैं, जो अतिरिक्त वित्तीय सुरक्षा प्रदान करते हैं।

### डाकघर अहम संस्थान

डिजिटल भुगतान प्लेटफ़ॉर्म में उछाल के बावजूद डाकघर कई लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण संस्थान बने हुए हैं, जो अब बच्चों के भविष्य को वित्तीय रूप से सुरक्षित करने के लिए बाल जीवन भीम योजना जैसे रास्ते पेश कर रहे हैं। यह योजना माता-पिता को मानसिक शांति प्रदान करती है।

# सोना कितना खरा : कैसे करें निवेश कि हो जाएं मालामाल

## क्या बेहतर सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड या डिजिटल गोल्ड, फायदे और अंतर जानने के बाद ही करें इंवेस्टमेंट

**बिजनेस डेस्क**

सर्राफा बााजार में इन दिनों सोने की चर्चा जोरों पर हैं। जानकारों का कहना है कि इस साल सोना 75 से 80 हजारी तक हो सकता है। ऐसे में सोने में निवेश एक बेहरीन अवसर है। अगर आपके मन में भी सोने में निवेश कर अच्छा मुनाफा कमाने की चाहत है तो आप भी इसमें निवेश कर सकते हैं। गोल्ड यानी सोना लॉन्ग टर्म परफॉर्मर रहा है। निवेश के लिए यह एक भरोसेमंद विकल्प है। हो सकता है कि इसमें इक्विटी की तरह से अचानक हाई रिटर्न न मिले, लेकिन यह लंबी अवधि में स्टेबल रिटर्न देने के लिए जाना जाता है। लंबी अवधि में इसका रिटर्न कई एसेट क्लास से बेहतर भी रहा है। न सिर्फ आर्थिक अनिश्चितता में बल्कि गोल्ड ने तो शेयर बाजारों की तेजी में भी हाई रिटर्न दिया है। ऐसे में एक्सपर्ट पोर्टफोलियो में 5 से 8 फीसदी अलोकेशन गोल्ड में रखने की बात करते हैं। उनका यह भी कहना है कि गोल्ड में निवेश का बेस्ट विकल्प सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) हो सकता है, क्योंकि इसमें मिलने वाले कुछ बेनेफिट इसे खास बनाते हैं। गोल्ड में इंवेस्ट करने की इच्छा है तो फिजिकल गोल्ड से बढ़िया है कि आप सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड या फिर डिजिटल गोल्ड में इंवेस्ट करें। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर किसमें निवेश करना ज्यादा बेहतर है और दोनों में क्या-क्या अतंर है तो चलिए इस रिपोर्ट में आपको बताते हैं कि सोने में निवेश के लिए क्या बेहतर है।



### क्या है सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड एक सरकारी बॉन्ड होता है। इसे आरबीआई के द्वारा जारी किया जाता है। ये बॉन्ड 1 ग्राम सोने का होता है इसका मतलब है कि 1 ग्राम सोने की जो कीमत होती है वहीं, बॉन्ड की कीमत होती है। इसमें अगर आप निवेश करते हैं तो जोखिम का खतरा भी काफी कम होता है। इसमें आप 24 कैरेट के 99.9 प्रतिशत शुद्ध सोने में इंवेस्ट कर सकते हैं। बात करें इसकी मैच्योरिटी की तो बता दें कि इसमें निवेश को मार्केट रेट के हिसाब से पैसे मिलते हैं और सब्सक्राइबर्स को 2.5 प्रतिशत का सालाना ब्याज मिलता है।

### क्या होता है डिजिटल गोल्ड

आज के डिजिटल युग में लोगों सिर्फ फिजिकल गोल्ड में ही नहीं, बल्कि डिजिटल गोल्ड में भी निवेश करना बहुत पसंद कर रहे हैं। यह एक ऐसे प्रकार का गोल्ड है, जिसे आप आसानी से बेच भी सकते हैं और इसमें निवेश करना भी काफी सुरक्षित माना जाता है। सिर्फ यही नहीं, आप डिजिटल गोल्ड में एक रुपये से भी निवेश करना शुरू कर सकते हैं। डिजिटल गोल्ड को डिजिटल वॉलेट में रखा जाता है और समय के साथ इसकी कीमत भी बढ़ती जाती है। गूगल पे, फोन पे, अन्य कई सारे ऐप्स के माध्यम से भी आप डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं। भारत में एमएमटीसी-पीएएमपी इंडिया प्रा. लिमिटेड, ऑगमोंट गोल्ड लिमिटेड जैसी कंपनियां डिजिटल गोल्ड ऑफर करती हैं। आप डिजिटल गोल्ड को फिजिकल रूप में भी बदल सकते हैं। इसे आप गोल्ड बार, गोल्ड के सिक्कों में भी बदल सकते हैं।

### डिजिटल गोल्ड और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में अंतर

डिजिटल गोल्ड में आपको गोल्ड के दामों का तुरंत अपडेट मिलता है। आप रीयल-टाइम मार्केट अपडेट के आधार पर गोल्ड को खरीद या बेच सकते हैं। सिर्फ यही नहीं, डिजिटल गोल्ड को आप फिजिकल गोल्ड में आसानी से कन्वर्ट कर सकते हैं, जबकि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में आपको यह ऑप्शन नहीं मिलता है। इसके अलावा सॉवरेन गोल्ड में 5 साल का लॉक-इन टाइम पीरियड होता है और 5 साल पूरा होने के बाद ही आप प्री-मैच्योर रिडम्पशन करा सकते है। मुख्य रूप से सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 8 साल में मैच्योर होता है। वहीं, डिजिटल गोल्ड में कोई भी लॉक-इन पीरियड नहीं होता है और इसे कभी भी खरीदा या बेचा जा सकता है। डिजिटल गोल्ड खरीदने के लिए आपको सिर्फ इंटरनेट और नेटबैंकिंग की जरूरत होती है। डिजिटल गोल्ड पर टैक्स प्लस सेस और सरचार्ज चुकाना पड़ता है और इसके कारण इसका मुनाफा कम हो जाता है। वहीं, डिजिटल गोल्ड को लेकर आधिकारिक तौर पर ऑफिशियल रेगुलेटरी संस्था नहीं है, जबकि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम केंद्र सरकार के तहत काम करती है। इन दोनों में ही निवेश करने से पहले आपको इनके बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

## खबर संक्षेप



### अवैध हथियार उपलब्ध कराने का आरोपी काबू

रेवाड़ी। सीआईए धारूहेड़ा की टीम ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अजय नगर निवासी राहुल के रूप में हुई है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। सीआईए धारूहेड़ा की टीम ने 14 मई को दिल्ली के सुरहेड़ा निवासी शशिकांत को धारूहेड़ा बस स्टैंड पर देसी पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद उसने बताया था कि डोहकी निवासी संजीव ने उसे हथियार दिया था। बाद में सीआईए ने संजीव को भी गिरफ्तार कर लिया। उसने पूछताछ में हथियार राहुल से लिए जाने की बात स्वीकार की थी। अब सीआईए ने राहुल को भी गिरफ्तार कर लिया।

### मालिक को देखकर चोर लैपटॉप फेंककर फरार

रेवाड़ी। शहर के सेक्टर-3 में बीती रात करीब 1 बजे एक घर में चोर घुस गया और लैपटाप उठा लिया, लेकिन मालिक की आंख खुल गई और उसने चोर का पीछा करना शुरू कर दिया। मालिक को देखकर चोर ने भागते समय चोर लैपटॉप को फेंक कर तोड़ दिया और छत से कूदकर फरार हो गया। सेक्टर-3 चौकी पुलिस को दी शिकायत में दिव्यांशु ने बताया कि बीती रात को जब वह अपने कमरे में सो रहा था तो चोर ने उसकी पत्नी का लैपटॉप उठा लिया। आवाज सुनकर उसकी आवाज खुल गई और वह चोर को पकड़ने के दौड़ पड़ा। भागते समय चोर लैपटाप फैंक कर छत से कूदकर फरार हो गया।

### स्कूल से आने के बाद बिठवाना से छात्र लापता

रेवाड़ी। गांव बिठवाना से एक 14 साल का लड़का संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में मूलरूप से पंजाब के सुनीता ने बताया कि वह फिलहाल बिठवाना में परिवार के साथ रहती है और बावल की एक कंपनी में काम करती है। उसका 14 वर्षीय लड़का समीर बिठवाना के ही सरकारी स्कूल में पढ़ता है। बीती दोपहर को वह स्कूल से आने के बाद कपड़े बदलकर घर से निकला था। जो देर शाम तक नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया।

### हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ 21 को

रेवाड़ी। शहर के सेक्टर-1 सोलहराही स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में बाबा का सुंदरकांड पाठ 21 मई को सांय 6 बजे से शुरू किया जाएगा। मंदिर के पुजारी पंडित बिजेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि सुंदरकांड के पाठ के पश्चात कीर्तन का भी आयोजन होगा तथा 22 मई को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आमजन से सुंदरकांड के पाठ व भंडारे में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### 24 मई को फाइनल प्रशिक्षण लेकर पोलिंग बूथों की ओर रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

# पोलिंग पार्टियों को आज देंगे प्रशिक्षण बताई जाएंगी मतदान प्रक्रिया की बारीकियां

**जिले में 724589 पंजीकृत वोटर 25 मई को करेंगे मतदान, मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जिला प्रशासन का विशेष फोकस**






हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से छठे चरण के तहत जिले में 25 मई को होने वाले 18वीं लोकसभा के आम चुनाव को लेकर तैयारियां प्रभावी रूप से जारी हैं। जिला प्रशासन की ओर से चुनाव ड्यूटी पर लगाए गए अधिकारियों व कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षित किया जा रहा है। साथ ही लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं को भी बढ़चढकर मतदान करने के प्रति जागरूक करने के लिए जिलाभर में स्वीप गतिविधियां प्रभावी रूप से जारी हैं। लोकसभा आम चुनाव को लेकर मास्टर ट्रेनरों की ओर से पोलिंग पार्टियों को 19 मई से प्रशिक्षण दिया जाएगा। पोलिंग पार्टियों को 24 मई को अंतिम प्रशिक्षण देकर मतदान प्रक्रिया में प्रयोग होने वाली चुनाव सामग्री सहित पोलिंग बूथ की ओर रवाना कर दिया जाएगा। नायब तहसीलदार चुनाव अजय कुमार ने बताया कि गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को राव तुलाराम स्टेडियम, बावल विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को बावल रोड स्थित विद्यालय तथा रोहतक लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पोलिंग पार्टियों को सरकुलर रोड स्थित जैन पब्लिक स्कूल में प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण प्रक्रिया 22 मई तक चलेगी। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया पर पूर्ण फोकस रखते हुए शांतिप्रिय ढंग से चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। जिले में इस बार कुल 724589 वोटर गुरुग्राम व रोहतक लोकसभा क्षेत्र के सांसद का चुनाव करेंगे। जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र 72-बावल, 73-कोसली व 74-रेवाड़ी में कुल वोटर की संख्या 724589 है, जिनमें 378356 पुरूष, 346225 महिलाएं व 8 थर्ड जेंडर शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र अनुसार बावल विस क्षेत्र में कुल 226534 मतदाता हैं, जिनमें 118279 पुरूष, 108254 महिलाएं व 1 थर्ड जेंडर, कोसली विस क्षेत्र में कुल 248574 मतदाता हैं, 129809 पुरूष, 118764 महिलाएं व 1 थर्ड जेंडर तथा रेवाड़ी विस क्षेत्र में कुल 249481 मतदाता हैं, जिनमें 130268 पुरूष, 119207 महिलाएं व 6 थर्ड जेंडर हैं।

**तीन विस क्षेत्रों में तीन सबसे उम्रदराज वोटर**

मतदाता सूची में बावल विधानसभा क्षेत्र में गांव जलियावास निवासी सूरत सिंह आयु 109 वर्ष, कोसली विधानसभा क्षेत्र में धवाना निवासी नारायणी देवी आयु 110 वर्ष तथा रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र में गांव गंगायचा अहीर निवासी कस्तूरी देवी आयु 106 वर्ष सबसे उम्रदराज वोटर के रूप में पंजीकृत हैं। डीसी हुड्डा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से मतदाताओं की सुविधा का पूरा ख्याल रखते हुए उन्हें 25 मई मतदान के दिन विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन मतदाताओं को ग्राउंड फ्लोर पर मतदान केंद्र, पेजयल, रैंप की सुविधा, महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था, रोशनी व बिजली की सुविधा, मेडिकल किट, मतदान केंद्र पर उचित छाया की व्यवस्था, स्थान व मार्गदर्शन के लिए उचित संकेतक सहित मतदाताओं का गर्मी, हीट वेव व हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए विशेष चिकित्सा व्यवस्था प्रबंधन किए जाएंगे।



रेवाड़ी। लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

## 25 को अवश्य करें मतदान का किया जा रहा आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

लोकसभा आम चुनाव के तहत जिला प्रशासन सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग सहित अन्य विभागों को साथ लेकर स्वीप गतिविधियों के माध्यम से वोटरों से सीधा संपर्क साध रहा है। एक ओर जहां सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के लोक कलाकार स्वीप अभियान के तहत आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर स्वीप अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता गीत के माध्यम से भी मतदाताओं को बढ़चढकर मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। जिलेभर में स्वीप गतिविधियां 25 मई तक जारी रहेंगी।

मतदाता जागरूकता की मुहिम के तहत जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरुक करने के उद्देश्य से सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम के भजन पार्टी लीडर दीपक कुमार के साथ सदस्य मदनलाल व सतबीर सिंह ने शनिवार को गांव रोहराई, कारावरा मानकपुर, धनौरा, चिल्हड़, आसियाकी गौरावास, चांदनवास, खेड़ा आलमपुर, पहराजवास में पहुंचकर आम लोगों को बढ़चढकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। आमजन को गीतों व भजनों के माध्यम से सार्थक संदेश दिया गया। लोक गीतों के माध्यम से सभी को वोटर हेल्पलाइन एप एवं निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। पार्टी कलाकारों की ओर से लोगों को शपथ दिलाई गई कि वह लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करेंगे।

## काव्य गोष्ठी में कवि अल्हड़ बीकानेरी का किया भावपूर्ण स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गांव बीकानेर में जन्मे जाने-माने हांस्य कवि अल्हड़ बीकानेरी की जयंती पर सैंड पाइपर टूरिस्ट कांप्लेक्स में हंसिए-हंसाइए नामक कार्यक्रम के माध्यम से उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। अल्हड़ बीकानेरी के शिष्य तथा हांस्य कवि हलचल हरियाणवी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया ने मुख्य वक्ता के तौर पर भाग लिया। हांस्य कवि अल्हड़ बीकानेरी साहित्य मंच से जुड़े साहित्यकारों ने काव्य पाठ में भाग लिया। इस अवसर पर हांस्य कवि हलचल हरियाणवी ने अल्हड़ बीकानेरी से जुड़े अनछुए रोचक संस्मरण सुनाएं।

मुख्य वक्ता नाहड़िया ने अल्हड़ बीकानेरी के हांस्य व्यंग्य में उनकी रचनाओं की छंदबद्धता तथा गजल विधा में उनके नवाचारी प्रयोगों को रेखांकित करते हुए उन्हें शब्द एवं छंद का अनूठा साधक बताया। गजलकार एवं हांस्य कवि राजेश भुलक्कड़ ने उनकी चर्चित गजल तथा रेडियो सिंगर दलबीर फूल ने रागनी के माध्यम से उन्हें याद किया। युवा गीतकार मनोज कौशिक करनावास की सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में हांस्य कवि प्रेमपाल सिंह अनपढ़, गौतम इलाहाबादी, कैलाश चंद भारद्वाज, अभय सिंह व महेंद्र यादव ने काव्य पाठ किया। वरिष्ठ कवि त्रिलोकचंद फतेहपुरी के संयोजन में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम में हंसराज वर्मा, नवीन रोहिल्ला व महेंद्र सिंह सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



रेवाड़ी। अल्हड़ बीकानेरी की जयंती पर पुष्पांजलि करते साहित्यकार।

## जमीनी विवाद को लेकर दो भाइयों पर हमला, एक की मौत व दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

बावल क्षेत्र के गांव खेड़ी डालू सिंह में गत रात्रि जमीनी विवाद को लेकर एक दो पक्षों में झगड़ा हो गया, जिसमें एक युवक की हत्या हो गई व एक घायल हो गया। घायल को शहर के राजेश पॉयलट चौक स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बावल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद जांच शुरू कर दी है। गांव खेड़ी डालू सिंह निवासी 28 वर्षीय दीपक जयपुर स्थित एक कोचिंग सेंटर में जॉब करता था। गत रात्रि वह जयपुर से बावल आया था। उसका छोटा भाई बलविंद्र उसे लेने के लिए पहुंचा। जब वह रात करीब साढ़े 10 बजे गांव में पहुंचे तो बाइक की आवाज सुनकर गांव के पवन सिंह, उसका बेटा विशाल सिंह और अन्य परिवार बाहर आ गया और झगड़ा शुरू कर दिया। विशाल सिंह और उसके पिता पवन सिंह ने दीपक और बलविंद्र पर चाकू से हमला कर दिया। विशाल ने दीपक की पीठ व छाती पर कई वार किए। बलविंद्र पर भी चाकू से वार किए गए, जिससे दोनों भाई लहुलुहान होकर गिर गए। शोर सुनकर मौके पर ग्रामीण जमा हो गए तथा इसकी सूचना दीपक के परिवार को दी। दोनों भाईयों को गंभीर हालत में शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। बलविंद्र अभी अस्पताल में उपचाराधीन हैं।



रेवाड़ी। निजी अस्पताल में भर्ती बलविन्द्र।

**दो सप्ताह पहले भी किया गया था हमला**

घायल बलविंद्र ने बताया कि उनका पवन सिंह के परिवार के साथ जमीनी विवाद चला आ रहा है। 2 सप्ताह पहले भी आरोपियों ने उसके भाई दीपक पर हमला किया था। उसके बाद दीपक जयपुर चला गया। आरोपियों ने दीपक को फोन पर धमकी दी थी। धमकी के बाद दीपक घर आया था। सूचना के बाद बावल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। बावल थाना प्रभारी लाजपत ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर हुए झगड़े में चाकू से हमला करने की वजह से दीपक की मौत हुई है। परिवार के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। बयान के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोनों पक्षों के बीच पहले भी जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा हो चुका है।




रेवाड़ी। विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते डीईओ महेंद्र सिंह खनगवाल। फोटो : हरिभूमि

## डीईओ ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

आइडियल पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह खनगवाल थे। उन्होंने उत्कृष्ट परिणाम के लिए प्राचार्य व स्कूल चेयरमैन पवन यादव को बधाई दी। इस दौरान बीआरसी कार्यालय से लेखा सहायक दिनेश सुरेहली भी उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने कक्षा 10वीं व 12वीं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले व मेरिट में आने वाले बच्चों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रियंका कुमारी, प्रिया, सुमित सतपाल, अभय सिंह, प्रिया, सविता, ज्योति तेजपाल, अंकित, बंटी, पूनम, मनीषा, अनु, मुनेश, बबीता, रविता व लक्ष्य उपस्थित थे।

## मतदान के लिए लोगों को जागरूक कर रहे एनएसएस स्वयंसेवक

- सोशल मीडिया पर भी विशेष अभियान चलाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक गांव-गांव जाकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक कर रहे है। एनएसएस स्वयंसेवक रविंदर, गोविन्द, रजत कुमार, नितिन राठी, कर्मबीर, मुस्कान कुमारी, मीना व अंशुल सहित अन्य स्वयंसेवक ग्रामीणों को 25 मई को मतदान जरूर करने के लिए शपथ दिला रहे हैं। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डा. करण सिंह ने बताया कि एनएसएस के स्वयंसेवक विभिन्न माध्यम से मतदाता जागरूकता के लिए कार्य कर रहे हैं, जिसके तहत एनएसएस की ओर से सोशल मीडिया पर भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है, इंस्टाग्राम रील, यूट्यूब शॉर्ट व फेसबुक पोस्ट के माध्यम से सोशल मीडिया पर युवा वर्ग को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी सुशांत यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गए सभी गावों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गांव मीरपुर, तुर्कियावास, बुड़ाना, बुड़ानी और जाट-जाटीं में नुक्कड़ नाटक किया जा चुका है। अब ततारपुर, फदनी, स्वराज माजरा व सुनारिया में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. रीना हुड्डा, डा. अनीता यादव, डा. ललित कुमार व एनएसएस क्लर्क संदीप कुमार सहित अनेक स्वंयसेवक उपस्थित थे।




रेवाड़ी। गांव में नुक्कड़ नाटक करते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

रेवाड़ी। महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता ने पुलिस को दर्ज शिकायत में ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए मारपीट करने और दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने गत वर्ष 31 दिसंबर को केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने खेड़ा आलमपुर निवासी नरेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है।

### बैंक की संपत्ति पर कब्जा करने की आरोपी काबू

धारूहेड़ा। खरखड़ा में लोन नहीं चुकाने के कारण बैंक की ओर से पुलिस की मौजूदगी में कब्जे में ली गई संपत्ति पर फिर से कब्जा करने की आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। बैंक ने बंधक रखी गई संपत्ति पर 22 सितंबर को लोन नहीं चुकाने के कारण कोर्ट के आदेश पर कब्जा लिया था। आरोप है कि गांव की महिला राजश्री ने ताला तोड़कर संपत्ति पर फिर से कब्जा कर लिया। पुलिस ने 3 मई को दर्ज किए गए केस में राजश्री को गिरफ्तार कर लिया।

### खेत में हमला करने पर दो पर केस दर्ज

कोसली। बिसोहा गांव में अपनी ननिहाल में रह रहे एक व्यक्ति ने गांव के ही दो लोगों पर खेत में आकर हमला करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए नाहड़ पुलिस को शिकायत दी है। बिसोहा गांव निवासी आशीष ने पुलिस को दी शिकायत में कहा बताया कि शुक्रवार को अपने खेत में थे कि गांव के ही सुरेश व मुन्ना ने मिलकर लकड़ी से उन पर हमला कर दिया। किसी तरह वह वहां से अपनी जान बचा कर भागे। उन्होंने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में वह नाहड़ अस्पताल पहुंचे जहां से उन्हें रेवाड़ी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### नशा तस्करी के आरोपी को कोर्ट ने भेजा जेल

रेवाड़ी। एचएसएनसीबी की टीम के हत्थे चढ़े नशा तस्कर को पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। ब्यूरो की टीम ने उत्तम नगर निवासी हरभगवान को आधा किलोग्राम से अधिक गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। उसे थाना सदर पुलिस के हवाले करने के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया था। आरोपी से पूछताछ करने के बाद उसे पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जमानत नहीं मिलने के कारण जेल भेज दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी गाड़ी चालक काबू

बावल। पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सड़क हादसे में घायल युवक के बयान पर 28 मार्च को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने टांकड़ी निवासी नवीन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। एक अन्य मामले में पुलिस ने गाड़ी चालक जितेंद्र को भी गिरफ्तार किया है।

### शराब बेचने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। सिटी पुलिस ने अर्जुन नगर में अवैध शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अर्जुन नगर निवासी सचिन पीर बाबा की दरगाह के पास शराब बेच रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर रेड करते हुए काबू कर लिया। उसके कब्जे से 20 बोतल शराब बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### अवैध गांजे के साथ एक आरोपी को दबोचा

रेवाड़ी। एएनसी की टीम ने सनसिटी सोसायटी में नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़े एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके कब्जे से गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलान एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया है। एएनसी की टीम को सूचना मिली थी कि योगेश उर्फ टकला निवासी मोहल्ला अर्जुन नगर नशीला पदार्थ गांजा बेचने का काम करता है। वह गांजा बेचने के लिए सनसिटी बी ब्लाक के सिक्योरिटी गार्ड रूम के पास खड़ा हुआ है। एएनसी की टीम ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम योगेश उर्फ टकला निवासी मोहल्ला अर्जुन नगर रेवाड़ी बतलाया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 109 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है।

**समारोह** | जैन पब्लिक स्कूल में छात्र अलंकरण एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया

## छात्र अलंकरण समारोह में मान छाबड़ा हेड ब्वॉय व प्राची चांदना बनी हेड गर्ल

- छात्र परिषद् के पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जैन पब्लिक स्कूल में छात्र अलंकरण एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्र परिषद् के पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई तथा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा कक्षा छठी से आठवीं तक के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि एसडीएम विकास यादव ने विद्यार्थियों से जीवन मूल्यों को निर्धारित करने तथा उन्हें पाने के लिए सकारात्मक प्रयास का आह्वान किया। छात्र परिषद् में मान छाबड़ा को हैड ब्वॉय, प्राची चांदना को हैड गर्ल तथा कनिष्का शर्मा को महासचिव चुना गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रबंधन समिति के प्रधान प्रदीप जैन, सचिव अमित जैन, प्रबंधक मोहित जैन, शासकीय निकाय सदस्य अनुज जैन, भारत जैन, प्रद्युम्न जैन व पलका जैन ने भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीपार्चान से की। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा ने सभी का शाब्दिक अभिनंदन किया। एसडीएम विकास यादव, प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्रधानाचार्या एवं उप प्रधानाचार्या ने छात्र परिषद् के पदाधिकारियों को बैज प्रदान करके जिम्मेदारी सौंपी तथा मेधावी विद्यार्थियों को ट्राफी प्रदान करके सम्मानित किया। प्रबंधक मोहित जैन ने छात्र परिषद् के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। छात्र परिषद् में गोपाल गर्ग को वाइस हैड ब्वाय एवं चहक को वाइस हैड गर्ल चुना गया । इसके अतिरिक्त तृपित व रिद्धी गोयल को साहित्यिक सचिव, निष्ठा व यशिका को सांस्कृतिक सचिव, काव्य जैन व पूर्वी यादव को खेल सचिव, नैतिक जैन व ईशिका गुलाटी को आईटी सचिव, दिव्या व केशिका को अनुशासन सचिव बनाया गया। शगुन व आशनी जैन को आयोजन सचिव की जिम्मेदारी दी गई।

इस मौके पर आदिनाथ सदन, अजितनाथ सदन, पार्श्वनाथ सदन व महावीर सदन के कैप्टन, वाइस कैप्टन एवं सदस्यों को बैज प्रदान किए गए। गत वर्ष के प्रदर्शन के आधार पर महावीर सदन को सर्वश्रेष्ठ सदन की ट्राफी दी गई। आदित्य शर्मा ने रामधारी सिंह दिनकर के कुरूक्षेत्र प्रसंग को सुनाकर सभी को भावविभोर किया व सुमित ने गीत व शिल्पा ने कविता से सभी का मन मोहा। कार्यक्रम में गत वर्ष के प्रमुख छात्र मयंक महेश्वरी एवं व प्रमुख छात्रा तनिशा को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान महावीर जयंती पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता भी सम्मानित किए गए।

कार्यक्रम में प्रबंधन समिति के अतिरिक्त, आईटीआई हैड सुनील यादव, अभिभावकगण, आदिनाथ सदन प्रभारी सरिता यादव, अजितनाथ सदन प्रभारी गोपाल शर्मा, पार्श्वनाथ सदन प्रभारी स्नेह कौशिक, महावीर सदन प्रभारी शुचि मुद्गिल, अंजली भूटानी, नीतू अरोड़ा, सुमित्रा शर्मा, ज्योति शर्मा, राजेश जैन, संदीप, अमित जैन, रीतिका खुराना, ज्योति, निशा यादव, रिषभ जैन, जोगेंद्र कुमार व ट्विंकल मौजूद थे। उप प्रधानाचार्या विजय गुप्ता ने सभी का आभार जताया। मंच संचालन लीना मखीजा ने किया।



रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अतिथि। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### स्कूल बस सहित चार वाहनों की बैटरी चोरी

**धारूहेड़ा।** गांव ततारपुर इस्तमुरार में गत रात चोर स्कूल बस सहित चार वाहनों की बैटरियां चोरी कर ले गए। चोरी का पता सुबह लगा। मीरपुर चौकी पुलिस को दी शिकायत में ततारपुर इस्तमुरार के नरेश कुमार ने बताया कि वह महर्षि दयानन्द स्कूल की बस चलाता है। बीती शाम को स्कूल से छुट्टी होने के बाद उसने बस को अपने घर के सामने खड़ी की थी। सुबह जब वह बस को स्टार्ट करने लगा तो बस चालू नहीं हुई। जांच करने पर बस से बैटरी गायब थी। आस पडोस में पूछताछ करने पर पता चला कि भूपेन्द्र व अशोक कुमार के टैम्पों तथा रविन्द्र के ट्रैक्टर की बैटरी भी चोरी हो गई है।

### घर में घुसकर दो भाइयों पर हमला, गंभीर

**रेवाड़ी।** गांव बखापुर में अपने रिश्तेदार के घर आए दो भाईयों पर 5-6 युवकों ने घर में घुसकर हमला कर घायल कर दिया। कसौला थाना पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के जिला अलवर के अलीपुर की ढाणी के सूबेसिंह ने बताया कि 15 मई को वह अपने भई गोधाराम के साथ बखापुर स्थित अपने रिश्तेदार के घर आए थे। उनका पीछा करते हुए कुछ लोग घर में घुस गए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसी दौरान आरोपियों ने उसकी जेब से पर्स भी निकाल लिया। शोर सुनकर रिश्तेदार का कुत्ता वहां पहुंच गया और उससे डरकर आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। दोनों कों अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बैंक में व्यक्ति की जेब से 50 हजार रुपये निकाले

**डहीना।** गांव कंवाली स्थित पीएनबी बैंक से 50 हजार की नकदी निकालकर कॉपी एंट्री करा रहे व्यक्ति की जेब से पैसे चोरी हो गए। पीड़ित ने उसके पीछे खड़े युवक पर नकदी निकालने का अरोप लगाया है। डहीना चौकी पुलिस को दी शिकायत में गांव नेहरूगढ़ निवासी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उसने कंवाली स्थित पंजाब नेशनल बैंक में खाता खोला हुआ है। 17 मई को उसने बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर अपनी जेब में डाले थे। जब वह मशीन पर बैंक पासबुक में एंट्री कर रहा था तो मौका पाकर पीछे खड़ा युवक उसकी जेब से 50 हजार की राशि निकालकर फरार हो गया।

### बेटे को लेने जा रहे पिता पर लाठी-डंडों से हमला

**कुंड।** गांव नांधा में तीन युवकों ने एक ग्रामीण पर लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। खोल थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव नांधा के सुरजीत सिंह ने बताया कि बीती दोपहर को वह अपने बेटे को स्कूल बस से लेने के लिए बस स्टैंड पहुंचा था। जहां तीन युवकों ने उसे रोक लिया और लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। लोगों के एकत्रित होने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### खेत में खड़े व्यक्ति पर कुल्हाड़ी से हमला

**नाहड़।** गांव लूला अहीर स्थित अपने खेत में खड़े व्यक्ति पर 5-7 युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। हमलावर उसे लहूलुहान करके फरार हो गए। नाहड़ चौकी पुलिस को दी शिकायत में गांव लूला अहीर के हुकमचन्द ने बताया कि बीती शाम को जब वह अपने खेत में था तो टूमना के कुछ युवक हथियारों से लैस होकर वहां पहुंचे और हमला कर दिया। आरोपियों ने उस पर कुल्हाड़ी नुमा हथियार से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों सहित 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मकान के अंदर से बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** शक्ति नगर स्थित एक मकान के अंदर खड़ी बाइक चोरी हो गई। मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में शक्ति नगर निवासी धीरज यादव ने बताया बीती शाम वह अपनी बाइक घर के अंदर खड़ा कर सो गया था। रात 12 बजे जब उसकी आंख खुली तो उसकी बाइक गायब थी। चोर घर के अंदर से उसकी बाइक चोरी कर ले गए।

### आगामी सप्ताह तापमान में और भी होगी बढ़ोतरी, मई माह के बाद गर्मी में कमी आने की संभावना

# सुबह से शुरू हुए लू के प्रकोप का शाम तक असर, भीषण गर्मी से पसीना-पसीना हुए लोग

- दिन के समय शहर के मार्ग व बाजार सूने हो गए है
- ज्यादातर लोग सुबह-शाम ही घर से निकल रहे है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी





रेवाड़ी। धूप से बचाव करते जाते हुए युवती तथा शनिवार को महाराणा प्रताप चौक पसरा सन्नाटा। फोटो : हरिभूमि

शनिवार को सुबह से ही गर्मी के तेवर काफी तल्ख रहे। धूप की तपिश के बीच सुबह से ही गर्महवाओं ने लोगों को काफी परेशान किया। तापमान के बढ़ने से भीषण गर्मी लोगों के पसीने छुड़ा रही है। शनिवार को सुबह से शुरू हुआ लू का प्रकोप शाम तक जारी रहा। दिन के समय शहर के मार्ग व बाजार सूने हो गए है। ज्यादातर लोग सुबह-शाम ही घर से निकल रहे है। जरूरत पड़ने पर ही लोग दोपहर को घर से बाहर आ रहे है। तापमान भी 45 डिग्री सेल्सियस चल रहा है। तापमान बढ़ने से जनजीवन पर काफी असर पड़ने रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक सप्ताह में गर्म हवाओं का प्रकोप जारी रहेगा और तापमान और बढ़ सकता है। मई माह के अंत तक भीषण गर्मी का प्रकोप बने रहने की संभावना है।

शनिवार को सुबह ही मौसम साफ रहने के बाद तेज धूप व गर्महवाओं से जन जीवन प्रभावित रहा। हालांकि अधिकतम तापमान में मामूली कमी दर्ज की गई, लेकिन रात का तापमान आधा डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया। शनिवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गत वर्ष 18 मई को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस व नयूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस था। इस वर्ष दिन का तापमान 7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा चल रहा है, जिससे दोपहर के समय लू का प्रकोप होने से सड़कों पर सन्नाटा छाया हुआ है।

सामान्य जनजीवन पर इसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है। बाजार में भी लोग सुबह-शाम ही खरीददारी करते नजर आ रहे है। हीटवेव का प्रकोप शुरू होने से अस्पतालों में भी उल्टी, दस्त व बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मौसम विभाग ने भी गर्मी का यलो अलर्ट जारी किया हुआ है।

#### पावर कटों का भी चल रहा सिलसिला

तापमान में लगातार बढ़ोतरी के साथ भीषण गर्मी के कारण बिजली की खपत भी बढ़ गई है। चार दिन पहले अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस था, लेकिन अब तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार जा रहा है, जिससे जिले में बिजली की मांग 80 से 90 लाख यूनिट तक पहुंच गई है। बिजल की खपत बढ़ने के साथ ही पावर कटों की संख्या भी बढ़ गई है। आगामी सप्ताह में तापमान में और बढ़ोतरी हुई तो लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। गर्मी से बिजली संकट से निपटने के लिए निगम ने व्यापक इंतजाम करने भी शुरू कर दिए हैं।

#### लू से बचाव के लिए अपनाएं यह उपाय



डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, ओआरएस, घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, तोरानी, नींबू पानी व छाछ का सेवन जरूर करे। बच्चों को वाहनों में छोडकर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना ही खाएं। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं। उन्होंने कहा कि जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें, पीने के पानी के दो बाउल रखें ताकि एक में पानी खत्म होने पर वह दूसरे से पानी पी सकें, यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वह आराम कर सकें। यदि आपके पास कुत्ता है तो उसे गर्मी में न टहलाएं, उसे सुबह और शाम को ठंडे मौसम में ही घुमाएं।

#### सतर्कता व जागरूकता ही लू से बचाएगी : डीसी

**रेवाड़ी।** जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़ते हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, विशेषकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी इलाज से बचाव बेहतर है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा की ओर से जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।

## बोर्ड परीक्षा : जिले में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतनथल में शनिवार को कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में जिले में प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य डा. सतबीर इंदौरा ने बताया कि कक्षा दसवीं में 55 छात्रों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा परिणाम में विद्यालय से कुमारी एकता ने 493 अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान, कुमारी ज्योति ने 492 अंक लेकर दूसरा स्थान, कुमारी प्रिया ने 490 अंक लेकर तीसरा स्थान, कुमारी खुशी ने 488 अंक लेकर चौथा स्थान, कुमारी मुस्कान ने 488 अंक लेकर पांचवा स्थान तथा कुमारी मोनिका ने 483 अंक प्राप्त करके जिले में नौवा स्थान प्राप्त किया। छात्रा खुशी ने विज्ञान में 100 अंक, प्रिया व एकता ने सामाजिक विज्ञान में 100 अंक, ज्योति ने गणित में 100 अंक, प्रिया ने सामाजिक और फिजिकल एजुकेशन में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के 19 छात्रों ने मेरिट हासिल की तथा 19 छात्र प्रथम श्रेणी से पास हुए। इस अवसर पर पूर्व सरपंच जय भगवान, दौलत राम, गोविंद यादव सरपंच बास, स्नेहलता सरपंच ऊष्मापुर, रमेश सरपंच सुर्खपुर,भंवर पूर्व सरपंच न्यौला, चांदराम बैरमपुर, पूर्व सरपंच रतन लाल शर्मा बास, मुकेश पालहावास, प्रवक्ता किरण पाल, दिनेश कुमार, टीकाराम, संजय, महेंद्र सिंह, दीपक, बलराम, अमित, चंद्रशेखर, राजेंद्र, सोहनलाल, अश्विनी कुमार, रामपाल, अजीत सिंह, सतपाल, नरेश कुमार, विपिन, महेश, नीरू, पूजा, सीमा, प्रियंका, जवाहर व हंसा सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते विद्यालय परिवार के सदस्य व गणमान्य नागरिक। फोटो : हरिभूमि

## मोदी ने देश का डंका विश्व में बजाया : राव

- दौलताबाद में बनेगी झील, बढ़ेगा पर्यटन
- किसानों के मुआवजे की फाइल चंडीगढ़ अटकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम



भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि कांग्रेस के राज में देश के प्रधानमंत्री मौन सिंह बन कर रहते थे, आज मोदी के राज में विश्व में देश का डंका बज रहा है। कोविड के दौरान भारत आर्थिक शक्ति के रूप में उभरा है , हमने दूसरे देशों को कोविड की वैक्सीन देने का काम किया। उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव देश के निर्माण का चुनाव है, इसलिए देश के बारे में सोच कर वोट करें। राव इंद्रजीत शनिवार को गुरुग्राम और बादशाहपुर विधानसभा के गांव बसई, धनकोट, खेड़की माजरा, दौलताबाद, बजघेड़ा, धर्मपुर, पालम विहार, सराय अलावर्दी, साईं कुंज, कार्टरपुरी, सेक्टर 23, 23ए, धर्म कॉलोनी, चौमा, पालम विहार मोलाहेड़ा, डूंडाहेड़ा, सरहौल, डीएलएफ फेज दो, फेज तीन नाथूपुर और सिकंदरपुर घोसी में मतदाताओं से वोट की अपील कर रहे थे। उन्होंने पिछले दस साल की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि ओल्ड गुड़गांव मेट्रो, द्वारका एक्सप्रेस वे, सोहना एलिवेटेड हाईवे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से इलाके के विकास पहिया तेजी से आगे बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि यह नगर निगम का चुनाव नहीं है। देश का चुनाव का चुनाव है। इसलिए वोट डालने से पहले देश के बारे में जरूर सोच लें। यह देख लें कि देश को कौन आगे ले जा सकता है। आपके इलाके की आवाज को कौन बेहतर तरीके से बुलंद कर सकता है। क्षेत्र के विकास की पैरवी कौन सही तरीके से कर सकता है। उन्होंने कई योजनाएं गिनाते हुए कहा कि उनकी मजबूत पैरवी के कारण ही रेवाड़ी के माजरा में एम्स का निर्माण मुकम्मल हो रहा है। उन्होंने कहा की जनहित की आवाज मेरी प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि लोगों की आवाज को मैंने मंच से उठाने का काम किया है मैंने अपना राजनीतिक नफा , नुकसान नहीं देखा।

### मेरिट में आने वाले विद्यार्थी किए सम्मानित

**धारूहेड़ा।** दा रायल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल अलावलपुर धारूहेड़ा सीबीएसई 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में मेरिट में स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल व चेत्र का नाम रोशन किया है। शनिवार को मेधावी बच्चों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य गुनित कौर ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 12वीं कक्षा में कुल 33 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 14 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में कुल 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 9 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। स्कूल निदेशक जोगिंदर सिंह व बलवंत सिंह ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।



रेवाड़ी। सम्मानित किए गए मेधावी विद्यार्थी।

## लेफ्टिनेंट कर्नल की स्मृति में प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में समाजसेविका मिथलेश यादव ने अपने पति लेफ्टिनेंट कर्नल स्व. ओमप्रकाश यादव की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित कर कक्षा दसवीं तथा बारहवीं की प्रतिभाओं को सम्मानित किया। प्राचार्य मनोज कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। सरपंच बीकानेर की अध्यक्षता में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में समाजसेविका ने मुख्य अतिथि तथा महेंद्र सिंह खनगवाल जिला शिक्षा अधिकारी ने विशिष्ट अतिथि की भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि ने बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को 2100 तथा द्वितीय, तृतीय तथा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को 1100 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने दसवीं कक्षा की एकता, गुंजन, अंशुमन, खुशी, महक, भवानी, पंकज तथा कक्षा बारहवीं की अनु, शिवानी, शिल्पा, जतिन, लवनीश, अंशिका, आर्यन, दीपिका व भारत सहित दोनों कक्षाओं के मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।



रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि।

## मेरिट में आने वाले 52 विद्यार्थी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा दसवीं की वार्षिक परीक्षा में मेरिट में आने वाले 52 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. वीपी यादव ने मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य हरिकिशन यादव ने बताया कि छात्र धैर्य ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम, छात्रा सारा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय व छात्र उदय ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया है व 23 विधार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है। बोर्ड के चेयरमैन डा. यादव ने मेरिट में आने वाले सभी विधार्थियों व स्कूल के स्टाफ सदस्यों को उनके श्रेष्ठ प्रयास के लिए बधाई दी। प्रधान रत्नेश बंसल ने मुख्यातिथि का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रिपुदमन गुप्ता, प्रबंन्धकारिणी के उपप्रधान जितेन्द्र जिंदल, सचिव राजेन्द्र सिंहल, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, सहसचिव पुरूषोत्तम दास, समाजसेवी एमपी गोयल, नवदीप मोदी, रतनलाल गोयल, सुरेश अग्रवाल, मुकेश भट्टे वाले, मुकेश महाजन, रमेश मित्तल, अमित गुप्ता, विनोद गोयल, सी.ए. अजय ऐरन, पवन गुप्ता, हेमंत गंज बाजार, सुरेश अग्रवाल, अरूण गुप्ता, नरेश मित्तल, प्रवीण सांतो वाले, राजीव गुप्ता भट्टे वाले व मनोज गोयल गुड़ियानिया सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### कार से टक्कर का विरोध करने पर हमला

- पूरी वारदात पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई

**धारूहेड़ा।** रेवाडी-दिल्ली जयपुर हाइवे स्थित धारूहेड़ा के पास कार में सवार तीन विद्यार्थियों की कार को एक अन्य कार ने टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरोपियों ने विद्यार्थियों के साथ मारपीट शुरू कर दी और एक विद्यार्थी के सिर में बोतल मारकर लहूलुहान कर दिया। धारूहेड़ा सेक्टर-6 थाना पुलिस को दी शिकायत में महेन्द्रगढ़ के नांगल चौधरी के विवेक शेरावत ने बताया कि वह कापड़ीवास स्थित बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी में पढ़ता है। 17 मई को वह अपने दोस्त रमन गुप्ता व केशव शर्मा के साथ कार में सवार होकर यूनिवर्सिटी जा रहे थे तो धारूहेड़ा के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी कार को टक्कर मार दी। विरोध करने पर कार में सवार तीन युवकों ने उन पर हमला कर दिया। झगड़े के दौरान आरोपियों ने उसके सिर में बीयर की बोतल मारी, जिससे वह लहूलुहान हो गया। पूरी वारदात पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। केशव व रमन ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मुख्य सड़क पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं

## शहर की सड़कों पर आडे-तिरछे पड़े डिवाइडर दे रहे हादसे को न्योता

- सड़क पर गिरे सीमेंट के डिवाइडरों से कभी भी हादसा हो सकता है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी





रेवाड़ी। नाईवाली पुल पर गिरे हुए डिवाइडर तथा सरकुलर रोड पर गिरे हुए डिवाइडर। फोटो : हरिभूमि

शहर में ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए लगाए गए डिवाइडर सड़कों पर आडे-तिरझे पड़े होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़क पर गिरे सीमेंट के डिवाइडरों से कभी भी हादसा हो सकता है। राष्ट्रीय नवचेतना मंच के गढ़ी बोलनी सेल प्रभारी धर्मेंद्र बेरियावास ने जिला प्रशासन से इन डिवाइडरों को व्यवस्थित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए सरकुलर रोड़, नाईवाली पुल व अन्य जगह लगे हुए डिवाइडर व्यवस्थित नहीं है तथा कई डिवाइडर से सड़क पर गिर गए है। कर्मचारियों की ओर से इनको सीधा करने व पड़े हुए डिवाइडरों को उठाने में कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है। इन आड़े-तिरछे व पड़े हुए डिवाइडरों से एक्सीडेंट का खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इन डिवाइडरों को सीधा किया जाए व इन पर रिफ्लेक्टर लगाए जाए ताकि लोग दुर्घटना का शिकार न हो। उन्होंने कहा कि व्यस्त सरकुलर रोड व नाईवाली पुल पर मध्य में सफेद पट्टियां या डिवाइडर यातायात के मुक्त प्रवाह को सुविधाजनक बनाने और तय दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हैं, लेकिन इन मध्यस्थों के बावजूद शहर में मुख्य सड़क पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अपने गंतव्य तक पहुंचने की जल्दी में पैदल चलने वाले लोग दूसरी तरफ जाने के लिए बीच पर चढ़ जाते हैं और खुद को सड़क दुर्घटनाओं का शिकार बनाते हैं। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वह पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए बैरिकेड्स की व्यवस्था करें।